





# आठ दिन बाद भी जांच कमेटी नहीं हुई गठित

## स्लाटर हाउस के मामले में नगरीय प्रशासन आयुक्त ने निगम से मांगी जानकारी

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 27 जनवरी. स्लाटर हाउस में नगर निगम मामले की जांच अधर में लटकती दिखाई दे रही है. अभी तक नगरीय प्रशासन आयुक्त ने जांच कमेटी का गठन ही नहीं किया है.**

जबकि नगर निगम आयुक्त नगरीय प्रशासन आयुक्त को 21 जनवरी को जांच कमेटी गठित करने के लिए पत्र लिख चुकी हैं. यह पत्र महापौर परिषद की साधारण सम्मेलन में नगर निगम अध्यक्ष द्वारा आसंदी से जांच के लिए दिए गए निर्देश के पालन में लिखा गया था. एक सप्ताह होने के बाद भी जांच कमेटी का गठन नहीं हो सका है.

### नगरीय प्रशासन आयुक्त एसआईटी के भरोसे

आशंका जताई जा रही है कि नगरीय प्रशासन आयुक्त कमेटी गठित करने की दिशा में कोई कदम बढ़ाना ही नहीं चाह रहे हैं. उनके जांच कमेटी ना करना तो यही दर्शा रहा है. क्योंकि निगमायुक्त को जांच कमेटी गठन के लिए पत्र भेजे हुए एक सप्ताह हो गया. आयुक्त वह भी एसआईटी की जांच का इंतजार कर रहे हैं. लगता है कि एसआईटी की जांच रिपोर्ट के बाद ही कमेटी गठित करना चाह रहे हों.

### नगर निगम से मांगी जानकारी

स्लाटर हाउस की जांच भी अब कछुआ चाल से चल रही है. ऐसा लग रहा है जैसे दोषियों को बचाने के प्रयास किए जा रहे हों. जांच कमेटी गठित नहीं की गई और नगर निगम से स्लाटर हाउस से संबंधित जानकारी मांगी गई है. उसके बाद ही आगे कुछ किया जा सकेगा. जब जांच कमेटी का गठन ही नहीं हुआ तो फिर जानकारी किसलिए मांगी गई है.

### इनका कहना है

स्लाटर हाउस से संबंधित जानकारी नगर निगम से मांगी है, एसआईटी जांच कर रही है.

**संकेत भोंडवे,**
नगरीय प्रशासन आयुक्त भोपाल

इस मामले में सरकार की बदनामी होगी और महापौर, एमआईसी को इस्तीफा देना पड़ेगा, इन्हें बचाने के लिए जांच कमेटी का गठन नहीं किया जा रहा है.

**शबिस्ता जकी,**
नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम भोपाल

## दुकान में कर्मचारी ने की हजारों की चोरी

**भोपाल.** कोतवाली थाना इलाके में एक दुकान से नौकरों ने 50 हजार की कीमत का सामान चोरी कर लिया. मंगलवार को मामले की शिकायत के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है. पीड़िता मधुरिका भण्डारी (59) ने थाने में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. मधुरिका ने पुलिस को बताया कि इब्राहिमपुरा चौक बाजार में उनकी दुकान है. दुकान में उन्होंने अक्षय और हेमंत उर्फ आंसू नाम के युवकों को काम पर रखा था. आरोपियों ने मौका पाकर दुकान के अंदर रखी आरती की मशीन, ढोलक सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए. गायब सामानों की कीमत करीब 50 हजार रूपए आंकी गई है.

# भोपाल में तेज हवाओं के साथ बारिश, बिजली भी हुई गुल

**भोपाल, 27 जनवरी. राजधानी भोपाल में मंगलवार देर रात तेज हवाओं और गरज चमक के साथ बारिश होने से मौसम एकदम बदल गया. इस वजह से मौसम में ठंडक भी बढ़ गयी.**

रात्रि में अचानक बादल छा गए और तेज हवाओं ने भी दस्तक दे दी. इसी बीच बादल गरज उठे और शहर में बारिश होने लगी. शहर के आसपास के क्षेत्रों में भी इसी तरह का मौसम होने की सूचनाएं हैं. तेज हवाओं के कारण शहर के एमपीनगर, न्यूमार्केट और कुछ अन्य क्षेत्रों में कुछ देर के लिए बिजली भी गुल रही. मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत में बने सिस्टम के कारण भोपाल और




आसपास के जिलों में भी मंगलवार को बारिश होने की सूचनाएं हैं. शाजापुर जिले में तो ओले भी गिरे. राज्य के उत्तरी अंचल में भी अनेक जिलों में बारिश और ओलावृष्टि की खबर है. आने वाले एक दो दिनों में मौसम इसी तरह रहने के आसार हैं.

## एक नजर में

### कोर्ट ने फर्जी मूल निवासी मामले में सुनाई सजा

**भोपाल.** जिला न्यायालय फर्जी मूल निवासी प्रमाण पत्र का उपयोग कर मेडिकल सीट पर प्रवेश लेने वाले आरोपी डॉक्टर सुनील सोनकर को 3 साल की सजा सुनाई है. अपर सत्र न्यायाधीश अतुल सक्सेना ने आरोपी पर कूटरचित दोषसिद्ध पाए जाने पर अर्थदंड के साथ सजा सुनाई है. प्रकरण में शासन की तरफ से विशेष लोक अभियोजक एसटीएफ भोपाल अकिल खान और सुधाविजय सिंह भदौरिया ने पैरवी की. न्यायालय के जनसंपर्क अधिकारी मनोज त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस थाना एसटीएफ भोपाल को शिकायत मिली थी.

### विद्युत वितरण कंपनी में मनाया गणतंत्र दिवस

**भोपाल.** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविंदपुरा स्थित मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया. इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए कंपनी कार्यक्षेत्र के 83 अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, नकद राशि एवं पदक वितरित किए गए. कार्यक्रम में निदेशक सुधीर कुमार श्रीवास्तव, निदेशक ए.के. खत्री, मुख्य महाप्रबंधक उत्कर्ष गौर, मुख्य वित्त अधिकारी अखिलेश कुमार पाण्डे, मुख्य महाप्रबंधक बी.बी.एस परिहार आदि मौजूद रहे.

### उपभोक्ताओं को मिले गुणवत्तापूर्ण बिजली

भोपाल. किसानों, घरेलू उपभोक्ताओं और उद्योगों को सतत् एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ट्रिपिंग की समस्या कम से कम होनी चाहिए। समाधान योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह बात मंगलवार को विभागीय योजना की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा के दौरान कही। मंत्री तोमर ने मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंताओं से बात कर विद्युत आपूर्ति और समाधान योजना की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रबी सीजन में किसानों को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें.



# एम्स की लिफ्ट में महिला कर्मचारी का लूटा मंगलसूत्र

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 27 जनवरी. एम्स के अंदर भी अब अपराधी सक्रिय हो गए हैं. अस्पताल की लिफ्ट में एक महिला कर्मचारी के गले से एक बदमाश ने मंगलसूत्र झपट लिया. वारदात करने के बाद आरोपी आसानी से अस्पताल परिसर के बाहर भी चला गया. अस्पताल में लगे सीसीटीवी का वीडियो फुटेज मंगलवार को सामने आया.**

घटना का वीडियो वायरल होने के बाद एम्स की सिक्योरिटी पर भी सवाल खडे हो रहे हैं. मामले की शिकायत बागसेवनिया थाने में दर्ज की गई. पुलिस वीडियो में दिख रहे बदमाश की पहचान करते हुए उसकी तलाश में जुटी है.

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़िता वर्षा सोनी ने मंगलवार को थाने में शिकायत दर्ज कराई. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह एम्स में अटेंडर के तौर पर अपनी सेवा अस्पताल में दे रही हैं. 25 जनवरी के दिन दोपहर के समय जब वह ड्यूटी पर थी और ग्राउंड फ्लोर से थर्ड फ्लोर पर जाने के लिए लिफ्ट के अंदर जा रही थी. इस दौरान अज्ञात बदमाश ने उनसे नेत्र रोग विभाग की जानकारी लेते हुए लिफ्ट के अंदर आ गया.

### बदमाश की तलाश में जुटी पुलिस

थर्ड फ्लोर पर लिफ्ट के रूकते ही वदमाश फुर्ती से बाहर निकलते हुए, पीड़िता के गले से मंगलसूत्र झपट कर भागने लगा. पीड़िता के शोर मचाने और सीढ़ियों तक उसका पीछे करने के बावजूद भी बदमाश नीचे तक पहुंच गया. मौके पर सुरक्षा कर्मियों के भी मौजूद नहीं होने के चलते बदमाश अस्पताल परिसर से बाहर तक आसानी से जाने में सफल रहा. पीड़िता ने मामले की जानकारी अस्पताल प्रबंधन को दी, जिसके बाद कार्रवाई शुरू की गई. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात बदमाश की तलाश करने में पुलिस की टीम जुटी है.

# नियमितकरण के लिए तरस रहे हैं नगर पालिका के कर्मचारी

### मई 2007 के बाद एवं नगर निगम में विलय हुआ कोलार नगर पालिका

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 27 जनवरी. नगर निगम में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को विनियमित किया गया, वहीं कोलार नगर पालिका से नगर निगम में शामिल हुए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी इस लाभ से वंचित हैं.**

नगर निगम में ऐसे लगभग 20 कर्मचारी हैं. कर्मचारियों ने भेदभाव करने का आरोप नगर निगम पर लगाया है. नगर पालिका को नगर निगम में विलय हुए18 वर्ष से अधिक हो गया. आज सभी कर्मचारी दैनिक वेतन भोगी/मस्टरकर्मी के रुप में कार्य कर रहे हैं. नगर निगम में सुनवाई ना होने पर अब उन्होंने कलेक्टर को शिकायत कर विनियमित करने की मांग की है.

### हमारे साथ भेदभाव क्यों

उनका आरोप है कि जब नगर निगम के कर्मचारियों को विनियमित का लाभ दिया जा रहा है, फिर हमारे साथ यह भेदभाव क्यों नगर निगम में सभी कर्मचारी एक समान कार्य कर रहे हैं. कर्मचारियों ने विनियमित करने के लिए शासन के परिपत्र/सर्कुलर की कंडिका 1.8 की का हवाला भी दिया है.

# कांग्रेस कार्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस

विशेष संवाददाता

**भोपाल,27 जनवरी. 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराया गया.**

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे को नमन किया और संविधान, लोकतंत्र तथा देश की एकता और अखंडता के प्रति कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई. पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, एआईसीसी सचिव कुणाल चौधरी, सुखदेव पांसे, अवनीश भार्गव आदि मौजूद थे. `टी के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल सहित अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में



कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे. सेवादल, एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की. ध्वजारोहण के बाद उमंग सिंघार ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं, मिठाई वितरित की और उत्साह के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया.

प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए श्री सिंघार ने कहा कि संविधान भारत की आत्मा है और इसकी रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है.

उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान की गरिमा, लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी.

# पुलिस की नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई

विशेष संवाददाता

**भोपाल,27 जनवरी. मध्यप्रदेश पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध अपने अभियान को और तेज कर दिया है.**

बीते तीन दिनों के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस टीमों ने पुख्ता सूचना के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया और 24 लाख रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं. जबलपुर में क्राइम ब्रांच और माढ़ोताल थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 41.35 ग्राम स्मैक बरामद की, जिसकी



अनुमानित कीमत 8.27 लाख रुपये है. इसके साथ ही दो मोबाइल फोन और बिना नंबर की स्कूटी भी जब्त की गई. शिवपुरी के बैराड़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने 15 ग्राम स्मैक (कीमत 5 लाख रुपये) के साथ एक आरोपी को पकड़ा.

छतरपुर में घुवारा चौकी और ओरछा रोड थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक मकान से करीब 27 किलोग्राम गांजा (कीमत लगभग 5 लाख रुपये) बरामद किया. विदिशा में कोतवाली पुलिस ने 25 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोटरसाइकिल के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया.

जब्त सामग्री की कीमत 3.30 लाख रुपये आंकी गई है. दतिया, खरगोन और दमोह में भी स्मैक और गांजा की बरामदगी कर आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया.

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और आम नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसी गतिविधियों की सूचना नजदीकी थाने या पुलिस कंट्रोल रूम को दें.




# इंदौर त्रासदी पर जवाबदेही की मांग

विशेष संवाददाता

**भोपाल- इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल से मासूम लोगों की मौत के मामले मे न्याय की मांग को लेकर मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस ने अपना आंदोलन तेज कर दिया है.**

मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में युवा कांग्रेस नेताओं ने भाजपा नीत राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए संवेदनहीनता और निष्क्रियता का आरोप लगाया.

युवा कांग्रेस नेता यश घनघोरिया ने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से तत्काल इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि उनके अमर्यादित बयानों और मामले को गंभीरता से न लेने के कारण स्थिति और बिगड़ी. उन्होंने कहा कि दूषित पानी पीने से अब तक 28 लोगों की मौत हो चुकी है.



**बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने पद्मश्री मोहन नागर से सौजन्य भेंट की**

भोपाल,27 जनवरी. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर के पर्यावरण एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार हेतु चयनित होने पर भोपाल स्थित उनके आवास पर भेंट की.

# आनंद नगर में 170 दुकानों को हटाने की तैयारी

### 1992 में 60 दुकानों को पूर्व मंत्री स्व. गौर ने किया था विस्थापित

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 27 जनवरी. राजधानी के रायसेन रोड पर आनंदनगर में वर्षों से संचालित दुकानें हटाई जाने की पूरी तैयारी कर ली गई है, जो फरवरी माह के पहले सप्ताह से शुरू हो जाएगा.**

इन दुकानों को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 146 के निर्माण कार्य में आ रही बाधा को दूर करने के लिए हटाया जा रहा है. यहां पर 1992 में 60 दुकानों को विस्थापित किया गया था. जो अब 170 के आसपास हो चुकी हैं. इनको यहां से विस्थापित न करते हुए मुआवजा देकर हटाया जा रहा है. व्यापारी दूसरी जगह विस्थापन की मांग कर रहे हैं. व्यापारियों ने कलेक्टर से दुकानों को विस्थापन की मांग की. इसके लिए सभी ने मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन भी दिया है.

### 170 व्यापारी होंगे बेरोजगार

यह सभी दुकानों को पूर्व मंत्री स्व. बाबूलाल गौर के ने 1992 में विस्थापित किया था उस समय दुकानों की संख्या 60 थी लेकिन धीरे धीरे यहां पर रोजगार की तलाश में दुकानें बढ़ती गई जो आज 170 दुकानें हो चुकी है. सभी व्यापारी बेरोजगार होने जा रहे है इससे विस्थापन की मांग कर रहे हैं. यहां के सभी दुकानदार विस्थापन चाहते हैं, इसके लिए उन्होंने शासकीय भूमि श्यामा बाल फेक्ट्री पर मांग की है. बताया जाता है कि यह फेक्ट्री पिछले 25 वर्षों से बंद है.

हम बेरोजगार हो जाएंगे, हमें मुआवजा नहीं विस्थापित किया जाए. जिससे हम अपना कारोबार कर परिवार का पालन पोषण कर सकें.

**नरेश मालवीय,** ड्राईक्लीनर संचालक, आनंद नगर

हम काफी समय से यहां पर रोजगार कर रहे हैं, मुआवजा भी कम मिल रहा है जिसमें हम कहीं दुकान भी नहीं ले सकते, बेरोजगार हो जाएंगे.

**लखन लोधी,** दुकान संचालक, आनंद नगर

सभी दुकानदारों को मुआवजा जल्द दे दिया जाएगा और जल्द यहां से दुकानों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी.

**मयूर जैन,** अधिकारी एनएचएआई

**कार्रवाई** ▶ एमपी नगर क्षेत्र में 36 लाख 26 हजार बकाया वसूली

# वसूली को लेकर नगर निगम ने की सख्ती

### 31 बकायादारों की संपत्तियां कुर्क

नवभारत संवाददाता

**भोपाल. 27 जनवरी. नगर निगम ने कर वसूली तेज कर दी. इसका प्रमुख कारण है वित्तीय वर्ष की समाप्ति में दो महिना बचा है. वही नगर निगम का शहर में जनता पर करोड़ों का संपत्तिकर बकाया है.**

दूसरी तरफ नगर निगम की माली हालत भी खराब है जिसको दुरस्त करने के लिए बकायादारों पर दबाव बनाया जा रहा है वहीं जरुरत पड़ने पर संपत्ति कुर्की की जा रही है. संपत्तिकर की जमा करने के लिए नगर निगम महिनों से बकायादारों को नोटिस दे रहा है. उसके बाद भी वसूली नहीं हो पा रही है. इस लिए अब नगर निगम ने बकायादारों की संपत्ति कुर्क करना शुरू कर दी है.

इस क्रम में मंगलवार को नगर निगम ने गोविंदपुरा एवं मध्य विधानसभा क्षेत्र में 31 बड़े बकायादारों के विरूद्ध संपत्तियां कुर्क की कार्यवाही की। कुर्क संपत्तियों में एम.पी.नगर क्षेत्र की 2 संपत्तियों पर बकाया 36 लाख 26 हजार 806 रूपये सहित अन्य जोन क्षेत्रों की 29 संपत्तियों के भवन स्वामियों द्वारा 58 लाख 86 हजार 115 रूपये की राशि का भुगतान नहीं करने पर संपत्तियां कुर्क कीं।

### जोन क्र. 10 के वार्ड क्र. 45 तीन संपत्ति कुर्क

निगम के अमले ने जोन क्र. 10 के वार्ड क्र. 45 के भवन क्र. 231 एम.पी.नगर जोन 2 के बकायादार एच.एन.एम.लिजिन पर संपत्तिकर का बकाया 18 लाख 3 हजार 445 रूपये का भुगतान न करने पर उक्त भवन के मुख्य द्वार पर तालाबंदी की गई इसी प्रकार भवन क्र. 20 एम.पी.नगर जोन 2 के भवन स्वामी मनोज एवं ज्योति सोमवंशी द्वारा 14 लाख 43 हजार 361 रूपये का भुगतान न करने पर उक्त भवन के मुख्य द्वार पर तालाबंदी की।

### तीन बकायादारों के कार्यालय किए कुर्क

निगम अमले ने जोन क्र. 16 के वार्ड क्र. 65 में 169 एच सेक्टर औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा के भवन स्वामी श्री बाबा सैनी द्वारा बकायाकर की राशि 76 हजार 82 रूपये, 25ए औद्योगिक क्षेत्र बी सेक्टर के के.पी.इंजीनियरिंग वर्क पर बकाया राशि 63 हजार 666 रूपये, 15 सी सेक्टर औद्योगिक क्षेत्र के काकड़ा रोलिंग मिल्स पर बकाया राशि 05 लाख 21 हजार 864 रूपये का भुगतान न करने पर उक्त तीनों बकायादारों के कार्यालय कुर्क किये गये।

# पुलिस ने लूट के मामलों का किया खुलासा

विशेष संवाददाता

**भोपाल,27 जनवरी. कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और संगठित अपराध पर प्रभावी प्रहार के तहत मध्य प्रदेश पुलिस ने मुरैना और खंडवा जिलों में लूट व डकैती के गंभीर मामलों का त्वरित खुलासा करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है.**

विशेष पुलिस टीमों ने कार्रवाई कर कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया और करीब 97.5 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है. मुरैना में सिविल लाइंस थाना पुलिस ने महज चार दिनों के भीतर एक सनसनीखेज हाईवे लूट का खुलासा किया. 22 जनवरी की तड़के एबी रोड पर एसआरडी कॉलेज के पास अज्ञात बदमाशों ने एक अर्टिगा कार को रोककर

### कार्रवाई कर 10 आरोपियों को गिरफ्तार

हथियारों के बल पर यात्रियों से लगभग 19 लाख रुपये नकद लूट लिए थे. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने विशेष टीम गठित की, जिसने घटनास्थल के भौतिक साक्ष्यों की जांच की, 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया. जांच के दौरान संदेह पीड़ित के ड्राइवर पर गया, जिसकी गतिविधियां अपराध से जुड़ी पाई गईं. पूछताछ में उसने वाहन मालिक व अन्य साथियों के साथ साजिश रचने की बात स्वीकार की. पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर नकदी, एक स्विफ्ट कार और एयरगन सहित लगभग 26 लाख रुपये का माल बरामद किया.

वहीं खंडवा जिले के पुनासा क्षेत्र में एक ज्वेलर के साथ हुई हाई-प्रोफाइल डकैती का भी पुलिस ने खुलासा किया. तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी विश्लेषण और अंतर-जिला समन्वय के माध्यम से संगठित गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया. उनकी निशानदेही पर सोने के आभूषण, नकदी, देशी पिस्तौल और मोबाइल फोन सहित करीब 71.5 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की गई. इन कार्रवाइयों से संगठित अपराध के खिलाफ मध्य प्रदेश पुलिस की तत्परता और दृढ़ प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है.